
## राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब 07 - 08 सितम्बर को उदयपुर में

# युवा उत्सव में सम्मिलित होंगे प्रदेश के प्रतिष्ठित रचनाकार, राजस्थानी युवा लेखन पर होगी विशेष चर्चा

ओम एक्सप्रेस

**उदयपुर।** साहित्य अकादेमी नई दिल्ली अर राजस्थानी विभाग मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बप्पा रावल सभागार में आगामी 07 - 08 सितम्बर को आयोजित होगा। राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब के संयोजक एवं राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सालवी ने बताया कि ख्यातनाम कवि-आलोचक प्रोफेसर (डॉ.) अर्जुनदेव चारण, संयोजक - साहित्य अकादेमी की अध्यक्षता एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ( डॉ.) सुनिता मिश्रा की मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन समारोह सम्पन्न होगा। इस अवसर पर राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ.देव कोठारी विशेष अतिथि एवं डॉ.संजय कुमार शर्मा मौजूद रहेंगे। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा उत्सव में उद्घाटन एवं समापन समारोह सत्र के अलावा डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित, डॉ. सुरेश सालवी, मधु आचार्य आशावादी एवं डॉ. अर्जुनदेव चारण की अध्यक्षता में होने वाले छह




तकनीकी सत्र होंगे जिसमें प्रदेशभर से आमंत्रित युवा रचनाकारों में गौरीशंकर निमिवाल श्रीगंगानगर, पूनमचंद गोदारा बीकानेर, महेन्द्रसिंह छायण जैसलमेर, नंदू राजस्थानी टोंक, सोनाली सुथार बीकानेर, सूर्यकरण सोनी बांसवाड़ा, शकुंतला पालीवाल उदयपुर, शिवबोधी हनुमानगढ़, आशीष पुरोहित बीकानेर, देवीलाल महिया पाली, सिया चौधरी नागौर, कप्तान बोरावड़ जोधपुर, सपना बर्मा सीकर एवं राजेन्द्र देथा जयपुर आलोचनात्मक पत्र-वाचन वाचन के साथ-साथ अपनी रचनाओं का पाठ भी करेंगे।

**विशेष व्याख्यान:** इस राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उत्सव के दौरान 07 सितम्बर को सांय 05:15 बजे राजस्थानी भाषा-साहित्य के प्रतिष्ठित कवि-आलोचक एवं साहित्य अकादेमी के सर्वोच्च पुरस्कार से पुरस्कृत डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित का इक्कीसवीं सदी रै राजस्थानी युवा लेखन % विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन भी होगा जिसमें इक्कीसवीं सदी के राजस्थानी युवा लेखक एवं लेखन पर विस्तार से बात की जायेगी।

**08 को समारोह समापन:** दो दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उत्सव का समापन समारोह प्रख्यात कवि-कथाकार एवं पत्रकार मधु आचार्य आशावादी की अध्यक्षता एवं प्रख्यात कवि-आलोचक प्रोफेसर (डॉ.) माधव हाडा, सदस्य - सामान्य परिषद साहित्य अकादेमी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कला संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) हेमंत द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। साहित्यिक दृष्टि बहुत ही महत्वपूर्ण सिद्ध होने वाले इस दो दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उत्सव में अनेक भाषाओं के प्रतिष्ठित विद्वान लेखक, साहित्य प्रेमी, शोध-छात्र अर विधार्थी भाग लेंगे।